# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 21.09.2024                                                                 समय : 1905

<><><><><><><>

- ग्रामीण विकास, पंचायती राज और शहरी स्थानीय निकाय सचिव अर्जुन शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तीसरे चरण में द्वीपों में करीब दो सौ किलोमीटर सड़क बनाया जाएगा।
- महिला और बाल विकास मंत्रालय की ओर से शिशु घर के लिए राष्ट्रीय न्यूनतम मानक और प्रोटोकॉल जारी किया गया है।
- राष्ट्रीय पोषण माह मनाए जाने के सिलसिले में जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में कई गतिविधियां आयोजित की जा रही है।
- श्री विजयपुरम में तेईस सितम्बर से सात अक्तूबर तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा।
- भारतीय खेल प्राधिकरण, अंडमान निकोबार द्वीपसमूह ने द्वीपों के साइक्लिस्टों को तिरूवनन्तपुरम में साई के वेलोड्रोम में प्रशिक्षण देने के लिए व्यवस्था की है।
-

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तीसरे चरण में द्वीपों में करीब दो सौ किलोमीटर सड़क बनाया जाएगा। ग्रामीण विकास, पंचायती राज और शहरी स्थानीय निकाय सचिव अर्जुन शर्मा ने आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में बताया कि इसके लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की गई है और इसे स्वीकृति के लिए भारत सरकार के पास भेजा गया है। उन्होंने कहा कि इस योजना के दूसरे चरण के तहत अपरिहार्य कारणों से रूके हुए कार्य भी जल्द शुरू होंगे।

<><><><><><><>

महिला और बाल विकास मंत्रालय की ओर से शिशु घर के लिए राष्ट्रीय न्यूनतम मानक और प्रोटोकॉल जारी किया गया है। व्यक्तिगत लोगों, सर्विस एजेंसियों, निगमों, कम्पनियों, अस्पतालों, देखभाल सेवा प्रदाताओं, सरकारी और गैर सरकारी संगठनों जैसे कई हितधारकों के लिए मानक सुझाव और प्रोटोकॉल जारी किया गया है। इसके माध्यम से व्यापक शिशु देखभाल के लिए सुरक्षित पर्यावरण प्राप्त होगा, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। शिशु गृह चलाने वाले ऐसे हितधारकों से मंत्रालय की वेबसाइट से मानक प्रोटोकॉल डाउनलोड करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय पोषण माह मनाए जाने के सिलसिले में जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय की गृह विज्ञान विभाग और समाज कल्याण निदेशालय की ओर से कई गतिविधियां आयोजित की जा रही है। पिछले दिनों कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए समाज कल्याण निदेशक डॉ. नितिन शाक्या ने अच्छे खान–पान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आम जन–मानस में जागरूकता उत्पन्न करने में आंगनवाड़ी केन्द्रों की भूमिका पर प्रकाश डाला। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एच के शर्मा ने जंक फूड के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से स्वस्थ जीवन शैली अपनाने को कहा। कार्यक्रम समन्वयक सहायक प्रोफेसर निधि शेखावत ने स्थानीय और पारंपरिक भोजन ग्रहण करने को कहा। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के पी सी जेम्स और सारिका वर्मा ने भी अपने विचार रखे।

<><><><><><><>

प्रादेशिक सेना के महानिदेशक ब्रिगेडियर अमित पांडे द्वीपों के दौरे पर है। राजनिवास में इन्होंने उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी से शिष्टाचार भेंट की।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में तेईस सितम्बर से सात अक्तूबर तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। न्यायाधीश न्यायमूर्ति रवि किशन कपूर और न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रसेनजित बिश्वास मामलों की सुनवाई करेंगे।

<><><><><><><>

वित्त मंत्रालय ने कहा है कि वित्तीय वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस में डिजिटल भुगतान के जरिए लेन–देन बढ़कर लगभग उन्नीस हजार करोड़ हो गया। ये वित्तीय वर्ष दो हजार सत्रह–अट्ठारह में दो हजार करोड़ से अधिक था। इसी अवधि के दौरान यू.पी.आई. लेनदेन भी लगभग नब्बे करोड़ से बढ़कर तेरह हजार करोड़ से अधिक हो गया। वित्त मंत्रालय के अनुसार वित्तीय वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस में यू पी आई लेन–देन दो सौ लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

<><><><><><><>

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड–सी.बी.डी.टी. ने आयकर विवादों के मामले में लंबित अपीलों को निपटाने के लिए प्रत्यक्ष कर विवाद से विश्वास–डी.टी.वी.एस.वी. योजना, दो हजार चौबीस शुरू की है। यह योजना पहली अक्तूबर से लागू होगी। प्रत्यक्ष कर विवाद से विश्वास योजना इस वर्ष इक्कतीस दिसंबर या उससे पहले शपथ पत्र दाखिल करने वाले करदाताओं को कम कर राशि देनी होगी।

<><><><><><><>

भारतीय खेल प्राधिकरण, अंडमान निकोबार द्वीपसमूह ने द्वीपों के साइक्लिस्टों को तिरूवनन्तपुरम में साई के वेलोड्रोम में प्रशिक्षण देने के लिए व्यवस्था की है। साई नेशनल सेन्टर और एक्सेलेन्स तिरूवनन्तपुरम के सहयोग से चेन्नई में इस वर्ष होने वाले राष्ट्रीय साइक्लिंग चैम्पियनशिप तक द्वीपों के साइक्लिस्टों को प्रशिक्षण देने के लिए यह व्यवस्था की गई है। साइक्लिंग के अलावा गोरखपुर में होने वाले आगामी राष्ट्रीय रोइंग चैम्पियनशिप के लिए साई की द्वीपसमूह केन्द्र और साई की नेशनल सेन्टर ऑफ एक्सेलेन्स, जगतपुरा ओडिशा के साथ भी सम्बद्ध किया गया है, ताकि द्वीपों के चुने हुए खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा सके। खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उप–वन पाल, वन्य प्राणी संदीप बेहरा, भ्रष्टाचार रोधी इकाई की पुलिस अधीक्षक श्वेता के. सुगथन और दक्षिण अंडमान के एस डी एम विनायक चमाड़िया ने खिलाड़ियों से बेहतर तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त कर आगामी चैम्पियनशिप में पदक जीतकर द्वीपों का नाम रोशन करने का अनुरोध किया।

<><><><><><><>

पुलिस महानिदेशक हरगोविन्दर सिंह धालीवाल और पुलिस उप–महानिरीक्षक मोनिका भारद्वाज ने सीपीघाट स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण के आधुनिक जलक्रीड़ा केन्द्र का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होंने जलक्रीड़ा संबंधी सामग्रियों का निरीक्षण कर विभिन्न जलक्रीड़ा गतिविधियों का आनन्द लिया। उन्होंने प्रशासन की ओर से साई की खेल से जुड़ी जरूरतों को पूरा करने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर साई की पूर्व खिलाड़ी रेजिना किरो भी उपस्थित थी।

<><><><><><><>

प्रयास के तहत मध्योत्तर अंडमान ज़िले के हायर सेकेण्डरी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए अध्ययन दौरे का आयोजन किया गया। रंगत, मायाबंदर और डिगलीपुर के बिजली घरों में विद्यार्थियों को ऊर्जा उत्पति के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों के साथ बिजली विभाग के तकनीकी कर्मियों की बातचीत में सवाल–जवाब सत्र का भी आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

कैम्पबेल बे में पेट्रोल और एल पी जी की कमी हो गई है। इससे लोगों को काफी असुविधा हो रही है। क्षेत्र के सहायक आयुक्त ने भी निकोबार ज़िला उपायुक्त को इस संबंध में हस्तक्षेप करने और जलयान की व्यवस्था करने का अनुरोध किया है।

इस बीच, जहाजरानी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार एम वी चुगलुम पेट्रोल लेकर रवाना हो चुका है। मौसम साफ होते ही कार निकोबार में माल उतारने के बाद ये संभवतः कैम्पबेल बे के लिए रवाना हो जाएगा।

<><><><><><><>

नगरपालिका परिषद में राज्य पी एम यू समन्वयक के पद के लिए आयोजित साक्षात्कार के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इसे श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कई भागों में हल्की से मध्यम वर्षा हुई। श्री विजयपुरम में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक बत्तीस दशमलव तीन मिलीमीटर, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में छब्बीस दशमलव चार, हटबे में बारह दशमलव दो, लांग आइलैंड में आठ, मायाबंदर में छः दशमलव छः और कार निकोबार में दो मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। कल के लिए मौसम संबंधी कोई चेतावनी नहीं है। सोमवार को द्वीपों के एकाध स्थानों पर भारी वर्षा होने का अनुमान है।

<><><><><><><>